तापमान

अधिकतम 34.6 डिग्री

न्यूनतम 25.8 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 18 सितंबर 2026

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]

गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आशीर्वाद के दीये से जगमगाता पुलिस ग्राउंड।

दीए जलाते उपमुख्यमंत्री अरूण साव।

खबर संक्षेप

आवास प्लस 2024 की सूची जारी, दावा-आपत्ति 30 तक

बिलासपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास प्लस 2024 सर्वे के माध्यम से तैयार की गई प्राथमिक सूची पर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। इच्छुक हितग्राही 30 सितंबर 2026 तक सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक दावा-आपत्ति जनपद पंचायतों में स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए बिल्हा, कोटा, मस्तुरी एवं तखतपुर जनपद पंचायत का सभाकक्ष निर्धारित किया गया है। ग्राम सभा से अनुमोदन के पश्चात सूची की ऑनलाइन प्रविष्टि (फैक्ट अपडेट) पूर्ण कर दी गई है। हितग्राहियों की सूची जिला बिलासपुर की वेबसाइट www.bilaspur.gov.in पर अपलोड की गई है। सूची के संबंध में प्राप्त शिकायतों एवं आपत्तियों के निराकरण के लिए जिला स्तर पर अपीलीय समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा प्राप्त दावे-आपत्तियों का परीक्षण कर नियमानुसार निराकरण किया जा रहा है।

22 हजार उपभोक्ताओं को मिलेगा फायदा

कोनी, मंगला में खुलेंगे विद्युत मंडल के जोन आफिस, दूर होगी समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू नगर और सरकंडा जोन को दो भागों में बांटने की तैयारी की जा चुकी है। शहर के 22 हजार उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर फायदा पहुंचेंगा है। कोनी और मंगला में जल्द ही नए जोन की स्थापना होगी। दोनों क्षेत्रों में आए दिन होने वाली बिजली समस्याओं को लेकर लोगों को काफी राहत मिल सकेगी।

शहर में बिजली व्यवस्था विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन चुकी है, पिछले कुछ सालों से पश्चिमी डिवीजन के नेहरू नगर, मंगला, कोनी और सरकंडा में बिजली की आंखमिचौली काफी उपभोक्ताओं के लिए सिरदर्द बन चुकी है। लेकिन अब इन क्षेत्रों में निर्बाध बिजली और मेंटनेंस की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए बिजली विभाग ने पहल की है। नेहरू नगर से मंगला और सरकंडा से कोनी में नए जोन कार्यालय खोलने बनाए जाएंगे। इसकी अधिकारिक पुष्टि हो चुकी है। नेहरू नगर और सरकंडा जोन में पड़ने वाला बोझ कम होगा और लोगों को बिजली के लिए आ रही समस्याओं को त्वरित समाधान मिलेगा। खास बात यह है कि नए अधिकारी और कर्मचारियों की नियुक्ति होगी, जिससे मरम्मत और मेंटनेंस में लगने वाले कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाएगी, जाहिर है इससे गुणवत्तापूर्ण कार्य संभव हो सकेंगे।

बिजली बंद और मेंटनेंस में होगा सुधार

शहर के लोगों को मिलेगी राहत, लगातार होगी पेट्रोलिंग, सुधरेगा फाल्ट

शहर बढ़ा तो अब जोन बढ़ाने की तैयारी, कोनी और मंगला में बनेगा बिजली कार्यालय

आंकड़ों से समझें

परेशानी होगी कम

प्रस्ताव भेजा जा रहा है

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

आंकड़ों से समझें

	कोनी	मंगला
उपभोक्ता	10080	11731
सबस्टेशन	3	7
11 केवी फीडर	11	13
ट्रांसफार्मर	266	325
33 केवी लाइन	25.5 किमी	19 किमी
11 केवी लाइन	41.2किमी	50.75 किमी
एलटी लाइन	112.5किमी	120 किमी
क्षेत्र	24 वर्ग किमी	28.5 किमी

बहुप्रतीक्षित मांग थी

कोनी और मंगला क्षेत्र में जोन खोला जाना अनिवार्य हो चुका है, यह उपभोक्ताओं की बहुप्रतिक्षित मांग थी जिसे अब पूरा किया जाएगा। अधिकारी और कर्मचारी भी मिलेगें जिससे काम आसान और त्वरित होगा।

-भरत भूषण नेताम, ईई, पश्चिमी डिवीजन

एई और जेई की नियुक्ति

नए जोन में एई, जेई और स्टाफ के साथ ही फ्यूज कॉल सेंटर खोले जाएंगे, जिसमें लाइनमैन, सहायक लाइनमैन, परीक्षण सहायक, भृत्य के साथ ही मेंटनेंस के लिए भी कर्मचारी रखे जाएंगे। मंगला और कोनी क्षेत्र के लोगों को क्रमशः नेहरू नगर और अशोक नगर स्थित कार्यालय आने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। बिजली मरम्मत और मेंटनेंस के दौरान पेट्रोलिंग करने, फाल्ट सुधारने में त्वरित कार्य किया जाएगा। इस दौरान फ्यूज कॉल सेंटर भी खुलेंगें, जिससे लोगों की बिजली की शिकायतों का निराकरण किया जाएगा।

परिवहन उड़नदस्ता ने की बस मालवाहक पर कार्रवाई

बिलासपुर। यातायात व परिवहन विभाग के नियमों की अनदेखी करने वाले बस और मालवाहक वाहनों पर आरटीओ के उड़नदस्ता टीम ने कार्रवाई की। बसों में अधिक किराया वसूली, अतिरिक्त सामान व यात्री परिवहन एवं परमिट शर्तों के उल्लंघन सहित विभिन्न अनियमितताओं पाई गई।

32 वाहनों से 19,500 शमन शुल्क वसूल गया और वाहन पर 2 हजार का ई-चालान किया गया। अभियान के अंतर्गत मालवाहक वाहनों में रिफ्लेक्टर नहीं पाए जाने पर 2 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई कर 2,400 शमन शुल्क वसूल किया गया। वाहन क्रमांक एमपी 07एई 4687 की जांच में यात्रियों को अलग-अलग स्थानों से बैठाकर अलग-अलग गंतव्यों तक पृथक-पृथक किराया लिया जा रहा था। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर वाहन का संचालन परमिट की शर्तों के विपरीत स्टेज करीज पाया गया है।

गर्मी और उमस ने निकाला दम, पारा प्रदेश में सर्वाधिक, शाम के बाद बूंदाबांदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मानसून की विदाई लगभग तय हो चुकी है, जिसके चलते आसमान से बादल गायब है और तेज धूप निकल रही है, यही कारण है कि उमस भरी गर्मी एक बार फिर महसूस हो रही है। गुरूवार को बिलासपुर का तापमान प्रदेश में सर्वाधिक रहा, इस दौरान 34.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार आसमान में बादल छंटने के कारण सूरज की तेज किरणें सीधे तौर पर धरती पर पहुंच रही है, यही कारण है कि गर्मी और उमस बढ़ गई है। गुरूवार को जहां सुबह से ही तेज धूप निकली और उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया, वहीं शाम 6 बजे के बाद अचानक बादल मंडराने लगे और हल्की बूंदाबांदी हुई। मौसम के बार-बाद बदलने के कारण लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

खेतों में जाने से डर रहे किसान , वन विभाग कर रहा है अलर्ट

आधा दर्जन गांव में घूम रहा टाइगर, दहशत में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण एरिया में टाइगर के घूमने के कारण पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। ग्रामीण के अलावा किसान व उनका परिवार भी खेतों में जाने से काफी भयभीत हो रहा है। वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ग्रामीणों को अलर्ट कराने के साथ मुनादी भी कर रहे हैं, ताकि कोई घटना न हो सके।

कोटा और अचानकमार टाइगर रिजर्व के बीच दवनपुर में किसान पर हमला करने वाला टाइगर अब तक वन विभाग के ट्रैक कैमरे में नजर नहीं आया है। दवनपुर के अलावा दानोखार, झिंगटपुर, लारीपारा, परसदा और पिपरखुटी के जंगल खार क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी की सूचना लगातार विभागीय अफसरों को मिल रही है। नर और मादा टाइगर के साथ दो शावकों की ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूदगी के कारण लोगों में दहशत है। वन विभाग की टीम शाम अंधेरा होने के बाद लोगों को घर से नहीं निकलने की सलाह देने के अलावा लगातार बाघ और बाघिन पर निगरानी रख रहे हैं। कुछ दिन पहले सुबह 7 बजे खेत में खाद डालने के लिए गए दवनपुर निवासी किसान संजू मरकाम पर टाइगर ने अचानक हमला कर दिया, लेकिन उसके हाथ में घमेला और अन्य औजार होने के कारण उसकी जान बच गई। किसान संजू मरकाम अभी भी हास्पिटल में भर्ती है, जहां उसका उपचार चल रहा है। वन विभाग के अफसरों ने किसान को मुआवजा राशि तो प्रदान कर दी है, लेकिन नर-मादा टाइगर व दो शावकों के कारण अन्य ग्रामीण भी भयभीत हैं। ग्रामीण अपने खेतों में जाने से डरने लगे हैं, जिसकी वजह से काम भी प्रभावित हो रहा है। इसके उपरांत टाइगर का लोकेशन दानीखार, झिंगटपुर, झिंगटपुर और लारीपारा के बीच, परसदा, सलका, नवागांव और अन्य ग्रामीण एरिया में देखा गया। इस दौरान टाइगर के अलावा शावकों के पगमार्क भी मिले। पग मार्क को देखकर अचानकमार टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने आसपास के क्षेत्रों में ट्रैप कैमरा भी लगा दिया, लेकिन टाइगर की तस्वीर अब तक कैद नहीं हो सकी है।

किया जा रहा अलर्ट

टाइगर अभी इधर-उधर विचरण कर रहे हैं। टाइगर के साथ शावकों के भी होने की जानकारी मिलने के बाद ट्रैप कैमरे लगाने के अलावा पेट्रोलिंग टीम लगातार निगरानी कर रही है। अभी तक टाइगर कैमरे में नजर नहीं आया है। विभाग के स्टाफ को निगरानी करने लगा दिया गया है, जो ग्रामीणों को अलर्ट कराने के साथ मुनादी भी कर रहे हैं।

-प्रियंका पाण्डेय, फील्ड डायरेक्टर एटीआर

ग्रामीणों में छाया रहा दहशत का माहौल।

मालवाहक ने तीन भाइयों को चपेट में लेकर बिजली के खंभे को ठोंका, दो की मौत

घायल

मृतक

बिलासपुर। बेलगाम स्वराज माजदा के चालक ने खतरनाक तरीके गाड़ी चलाते हुए घर के पास खड़े होकर बातचीत कर रहे तीन भाइयों को चपेट में लेकर बिजली के खंभे को टक्कर मार दी। हादसे में दो भाइयों की मौत हो गई। पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

बिल्हा पुलिस के अनुसार, 16 सितंबर को ग्राम भटगांव निवासी बरातुदास मानिकपुरी अपने भाई चंदु मानिकपुरी व प्रीतम दास मानिकपुरी के साथ दमाद के घर गए थे। वहां से लौटने के बाद प्रीतम दास मानिकपुरी के घर के पास बाइक खड़ी कर वे बातचीत कर रहे थे। रात 8.30 बजे सेंवार की ओर से आ रहे स्वराज माजदा क्रमांक सीजी 10 सी, 1868 के चालक ने खतरनाक तरीके से चलाते हुए तीनों भाइयों व बाइक को चपेट में लेते हुए बिजली के खंभे को जबरदस्त टक्कर मार दी। बाइक स्वराज माजदा के चक्के में फंस गई थी। हादसे में बातचीत करने खड़े तीनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया। घायल तीनों भाइयों को इलाज के लिए बिल्हा अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद बरातुदास, प्रीतमदास मानिकपुरी को मृत घोषित कर दिया। वहीं चंदूदास मानिकपुरी का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक के बेटे रूपेन्द्र दास मानिकपुरी की रिपोर्ट पर स्वराज माजदा चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1, 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

सेवा, समर्पण एवं नेतृत्व का पर्याय
श्री सिद्धांशु मिश्रा जी
जिला अध्यक्ष -कांग्रेस कमेटी बिलासपुर (शहर)
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं...
शुभेच्छु :- जिला शहर कांग्रेस कमेटी बिलासपुर, छत्तीसगढ़
J.J.Ad

भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

प्रवेश प्रारंभ : 2026-27 | **SHAPING FUTURES, DELIVERING CAREERS** | **ADMISSIONS OPEN: 2026-27**

''भारती-ग्रुप'' पिछले 29 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है। विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, राज्य में आवश्यकता के अनुसार नये-नये पाठ्यक्रम संचालित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा कम-खर्च / कम-फीस में प्रदान कर रहा है। आगे इसी लक्ष्य को पुरा करते हुये अध्ययन प्राप्त कर चुके, लगभग सभी विद्यार्थियों को प्लेसमेंट प्रदान कर रही है। इनकी योग्यता, कौशल एवं रुचि के अनुसार छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यो की कई बड़ी-बड़ी कंपनियों में चयनित होकर कार्यरत है तथा कई बड़े रूप में स्व-रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है। जिससे हमारी संस्था के साथ-साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाये रखेंगे इसी विश्वास के साथ ...

लॉ (कानून)- लॉ एजुकेशन में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण। एलएलबी 3 वर्षीय, प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम 2 वर्षीय, प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ उत्तीर्ण होने के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प हैं जिसमें से न्यायपालिका, वकालत, कानूनी सलाहकार के रूप में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है, इसके अतिरिक्त वे कॉर्पोरेट सेक्टर, वित्तीय संस्थानों, इनकम टैक्स विभाग, लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग, मानव संसाधन, रियल एस्टेट, मीडिया, बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी कार्य कर अपना उज्जवल भविष्य बना सकते हैं।

ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी है
पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग / एमटेक

हमारे छत्तीसगढ़ शासन औद्योगिक एवं तकनीकी विकास की दिशा में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ ही देश एवं विदेश की कई कम्पनियों के साथ समझौता को बढ़ावा दे रही है एवं कई बड़ी-बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नये अवसर प्राप्त हो रहे हैं। पॉलिटेक्निक 3 वर्षीय प्रवेश हेतु 10वीं उत्तीर्ण, बी.टेक 4 वर्षीय, प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। विद्यार्थी सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन जैसे विषयों में प्रवेश लेकर गहन तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। यह कोर्स विद्यार्थियों को अनुसंधान, डिजाइन, विकास, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और इंडस्ट्री में विविध तकनीकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है। इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त करने के बाद विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं जैसे निर्माण कंपनियां, सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां, इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग, ऑटोमोबाइल, पावर प्लांट्स, स्टार्टअप्स, सरकारी विभाग, अनुसंधान संस्थान, और शिक्षण संस्थान में रोजगार एवं स्व-रोजगार का अवसर मिलेगा।

नि:शुल्क प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शन

विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन के साथ-साथ IAS, IPS, IFS, IRS, IES, SSC, CGPSC/State Public Service Commission तथा अन्य सभी केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता सुनिश्चित करने हेतु इसकी तैयारी नि:शुल्क प्रदान की जा रही है।

Paramedical Courses (1Year)
- Panchakarma Therapist
- Ayurvedic Pharmacist

Eligibility: 12th Pass (Biology) with Minimum 50% Marks

Afft. to Ayush University, Raipur
- BAMS Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
- B.Sc. (Nursing)

Afft. to IGKV, Raipur
- B.Tech Agri.
- B.Sc. Agri.

प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित डॉक्टरेट उपाधि प्राप्तकर्ता

मेरिट के आधार पर प्रवेश परीक्षा हेतु तृतीय आवेदन की अंतिम तिथि : 19.09.2026

Law
- B.A. LLB
- LLB
- B.Com LLB
- LLM

Engineering

M. Tech. / B.Tech. / Polytechnic
- CSE
- Civil
- ET&T
- Mechanical
- Electrical

(Regular / Working Professionals with Flexible Time)

Education
- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.

Public Health
- MPH (Master of Public Health)

Rural Studies
- Bachelor (BRS)
- Master (MRS)

Physical Education
- Bachelor of Physical Education and Sports (B.P.E.S.)*
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S.)*

Social Work
- Diploma (DSW)
- Bachelor (BSW)
- Master (MSW)

Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma

Science
- B.Sc. (Hons)/ M.Sc.
  - Forensic Science • Chemistry • Maths
  - Computer Sceince • Physics • Zoology
  - Animation & Visual Effects • Botony
  - Microbiology • Biotechnology
  - Home Science • IT

Arts/ Commerce & Management
- BBA
- MBA
  - Hospital Mgt. • Financial Mgt
  - Marketing Mgt. • Human Resource Mgt.
- B.A.(Hons)/ M.A.
  - Psychology • English • Sociology
  - Yoga • Hindi • Sanskrit • Economics
  - History • Geography • Political Science
- B.Com.(Hons)
- M.Com.
- B.Stat
- M.Stat
- DCA
- BCA
- PGDCA

Library Science
- M.Lib
- B.Lib
- D.Lib

Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

Ph.D.
Available in all Major Subject

• **प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 19 सितम्बर 2026**
Website : www.bhartiuniversity.org

फॉरेंसिक साइंस- भारती विश्वविद्यालय न केवल दुर्ग, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है। बीएससी फॉरेंसिक साइंस(ऑनर्स) 3+1 वर्षीय (डिग्री+अनुसंधान)में प्रवेश हेतु गणित अथवा विज्ञान विषय में 12वीं उत्तीर्ण एवं एमएससी फॉरेंसिक साइंस 2 वर्षीय, प्रवेश हेतु बीएससी गणित/जीवविज्ञान, फार्मेसी, इंजीनियरिंग के साथ स्नातक होना अनिवार्य है। इस विषय से छात्रों को अपराध अनुसंधान, डीएनए विश्लेषण, फिंगरप्रिंट तकनीक, क्राईम सीन इन्वेस्टिगेशन, साइबर सिक्योरिटी और टॉक्सीकोलॉजी जैसे आधुनिक कौशलों में प्रशिक्षित होने का ज्ञान प्राप्त होगा। डिग्री प्राप्त होने के बाद अपराध जाँच में वैज्ञानिक सबूतो के बढ़ते महत्व के कारण सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में नौकरी के सबसे ज्यादा अवसर हैं, फॉरेंसिक साइंस के विद्यार्थी देश-विदेश के फॉरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फॉरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य करते हैं। सरकारी विभागों जैसे सेंट्रल एवं स्टेट फॉरेंसिक साइंस लैब, गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य खुफिया एजेंसियों में फॉरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर एवं रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान...

''फार्मेसी ज्ञान और सेवा का संगम''

डी. फार्मेसी 2 वर्ष का डिप्लोमा कोर्स एवं बी.फार्मेसी 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम है जिनमें प्रवेश हेतु 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। फार्मेसी विज्ञान और मानव स्वास्थ्य के बीच एक सेतु है, जो कि ना केवल दवाओं की गुणवत्ता और प्रभाव को सुनिश्चित करता है, बल्कि रोगों की रोकथाम और इलाज में अहम भूमिका निभाता है। आज की तेज रफ्तार जीवनशैली, बदलती स्वास्थ्य समस्याएं, और नई-नई बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के चलते फार्मेसी क्षेत्र में कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह कोर्स अनुसंधान, शिक्षण, उद्योग और सरकारी विभागों में उन्नत कैरियर के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। जिसमें विद्यार्थियों को फार्मास्युटिकल विज्ञान की मूलभूत जानकारी, दवा निर्माण, ड्रग डिजाइन, फार्माकोलॉजी, हर्बल ड्रग्स और क्लिनिकल फार्मेसी जैसे विषयों में गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इस कोर्स के अध्ययन से विद्यार्थियों को अनुसंधान, निर्माण, गुणवत्ता नियंत्रण, और फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री में विभिन्न जिम्मेदारियों के लिये तैयार होते है। फार्मेसी के डिग्री प्राप्त करने के बाद छात्र सरकारी और निजी अस्पतालों, क्लीनिकों, इसके अलावा स्वरोजगार के लिए मेडिकल स्टोर भी प्रारंभ कर सकते है।

TOP RECRUITERS: WIPRO LTD. | ASHOK L bY LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS Ltd. | TATA CONSULTANCY SERVICES | L & T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA Ltd. | CAPGEMINI INDIA PVT. LTD. | ULTRATECH CEMENT | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HI-TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED

6232221101/ 02/ 03/ 04/ 05/ 06/ 07
www.bhartiuniversity.org
bhartiuniversity.in@gmail.com

SUN PUBLIC SCHOOL
A CBSE NEW Delhi, affiliated School
ADMISSIONS OPEN
Day Boarding School
Hostel Facility Available from 6th to 12th Class
NURSERY TO 12th CBSE
ENGLISH MEDIUM
9109186601, 9109186607

सन प्राइवेट आई.टी.आई.
भारत सरकार (NCVT & DGT) एवं छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
विशेषताएं
• उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम • अनुभवी शिक्षक • आधुनिक टूल्स एवं मशीनों द्वारा ट्रेनिंग
• छात्रवृत्ति की सुविधा • हॉस्टल की सुविधा
प्रवेश प्रारंभ
• इलेक्ट्रीशियन • फिटर } 2 वर्ष
• कोपा • स्टेनो (हिन्दी) } 1 वर्ष
9589158888, 9109186606

खबर संक्षेप

अशोक वाजपेयी को मिलेगा 'श्रीकांत वर्मा शिखर सम्मान' आज

बिलासपुर। प्रसिद्ध साहित्यकार और कवि स्वर्गीय श्रीकांत वर्मा की 95वीं जयंती पर दिल्ली में एक विशेष समारोह का आयोजन किया जा रहा है। 'श्रीकांत वर्मा ट्रस्ट, नई दिल्ली' द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शुक्रवार, 18 सितंबर को मावलंकर हाल कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ़ इंडिया, रफ़ी मार्ग में संपन्न होगा। इस अवसर पर कवि, आलोचक एवं कलाविद अशोक वाजपेयी को प्रतिष्ठित 'श्रीकांत वर्मा शिखर सम्मान' से विभूषित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवि अरुण कमल होंगे। अध्यक्षता चित्रकार परमजीत सिंह करेंगे। वक्ता ममता कालिया, प्रो. पुरुषोत्तम अग्रवाल एवं विनोद भारद्वाज रहेंगे। विदुषी सुधा रघुरामन द्वारा श्रीकांत वर्मा की कविताओं की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। इस राष्ट्रीय सम्मान के तहत अशोक वाजपेयी को 21 लाख रुपए की सम्मान राशि और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। बिलासपुर में जन्मे श्रीकांत वर्मा ने हिंदी साहित्य, पत्रकारिता और सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी चर्चित कृति 'मगध' आधुनिक हिंदी कविता की महत्वपूर्ण रचनाओं में शामिल है। उनकी कविताओं में इतिहास, सत्ता, भय, हिंसा और समकालीन मनुष्य की असुरक्षा जैसे विषय प्रमुखता से उभरते हैं। श्री वाजपेयी और श्रीकांत वर्मा समकालीन हिंदी साहित्य के महत्वपूर्ण रचनाकार रहे हैं। वाजपेयी ने श्रीकांत वर्मा की काव्य-दृष्टि और उनके साहित्यिक योगदान पर भी महत्वपूर्ण टिप्पणियां की हैं।

नगर निगम में सामान्य सभा के लिए एजेंडा जारी

बिलासपुर। नगर निगम में 25 सितंबर को सामान्य सभा के लिए तिथि निर्धारित की गई है। सामान्य सभा के लिए गुरुवार को एजेंडा जारी कर दिया गया है। इसमें कुल 11 प्रस्तावों को शामिल किया गया है, जिसपर चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा। नगर निगम का साधारण सम्मेलन 25 सितंबर को सुबह 11 बजे स्व. लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में आयोजित होगा। सामान्य सभा के लिए 21 सितंबर को दोपहर 12 बजे तक प्रश्न मंगाए गए है और 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे प्रश्नों की लॉटरी निकाली जाएगी। सामान्य सभा के लिए जो प्रस्ताव शामिल किए गए है उनमें प्रधानमंत्री आवास योजना आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय के नवीन भवन, छात्रावास एवं खेल मैदान विकसित करने पांच एकड़ जमीन आबंटित किए जाने का प्रस्ताव शामिल है। इसी तरह भाजपा पार्षद की मांग पर सुभाष चौक से रामसेतु चौक तक सड़क का नामकरण डॉ. वैंसी रेलुमल तिर्यानी रोड करने का प्रस्ताव तथा निर्माण कार्यों के टेंडर और वार्ड 45 के पार्षद के मांग पर पुराना पावर हाउस से रेल्वे ब्रिज तक सड़क का नाम विधानी मार्ग नामकरण किए जाने का प्रस्ताव शामिल है।

कर्मचारियों के लिए निबंध लेखन व हिंदी टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता 28 तक

बिलासपुर। एसईसीआर बिलासपुर मुख्यालय में राजभाषा हिंदी के प्रयोग एवं प्रचार प्रसार को बढ़ाने के लिए 14 से 28 सितम्बर तक राजभाषा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान राजभाषा हिंदी में कामकाज को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने के लिए रेलवे तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए विभिन्न प्रेरक प्रतियोगिता एवं कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बुधवार को रेलवे तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए रेलवे भर्ती बोर्ड सभाकक्ष में प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें 41 अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया।

निधन

पं. रविंद्र मिश्रा

बिलासपुर। आसमा सिटी लोटस निवासी सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी पं. रविंद्र मिश्रा का 17 सितंबर को निधन हो गया। अंतिम यात्रा कल 18 सितम्बर को सुबह 10 बजे निज निवास आसमां सिटी लोटस से पं देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा के लिए निकलेगी। वे रागिनी मिश्रा के पति व प्रज्ञा तिवारी के पिता थे।

अमृता शर्मा

बिलासपुर। विद्या नगर निवासी अमृता शर्मा का 17 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 सितंबर को उनके निवास से मधुबन बिलासपुर के लिए सुबह 11 बजे निकलेगी। वे रविन्द्र शर्मा की पत्नी, हर्षवर्धन शर्मा (खरोद वाले) की बहू, शाम्भवी शर्मा की माँ थीं।

रुद्र साहू

बिलासपुर। गिरधौना निवासी रुद्र साहू (बढ़ई) का निधन 17 सितंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गिरधौना में किया गया। वे मितुल साहू, शिवराम साहू के पिता थे और पुसाऊ राम साहू के भाई थे।

सी. रामचंद्र राव

बिलासपुर। न्यू शेष कॉलोनी विनोबा नगर निवासी सी. रामचंद्र राव का 17 सितंबर को निधन हो गया। वे 79 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 18 सितंबर को उनके निवास से सुबह 11 बजे भारती नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे पत्नी, दो विवाहित लड़की सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

मुकेश कुमार गुप्ता

बिलासपुर। शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल व महाविद्यालय (रायपुर/ बिलासपुर) के संचालक मुकेश कुमार गुप्ता 59 वर्ष का निधन 17 सितंबर को रायपुर में हो गया। उनका मारवाड़ी मुक्तिधाम रायपुर में दाह-संस्कार किया गया। वे बाबूलाल गुप्ता के पुत्र, मोतीलाल गुप्ता, रज्जन गुप्ता के भतीजे, राकेश गुप्ता, निलेश गुप्ता, योगेश गुप्ता के भाई, नितिन मुकेश गुप्ता ऋषभ गुप्ता के पिता थे।

एसईसीएल में आयोजन — पीएम मोदी के जन्मदिन पर द्वितीय विश्वकर्मा अवार्ड्स का आयोजन

एसईसीएल ने किया 75 नियमित एवं संविदा कर्मियों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

भगवान विश्वकर्मा जयंती एवं देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर एसईसीएल द्वारा आज मुख्यालय बिलासपुर में द्वितीय 'एसईसीएल विश्वकर्मा अवार्ड्स' समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसईसीएल की खदानों एवं परिचालन गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 75 श्रमवीरों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (तकनीकी) संचालन रमेश चंद्र महापात्र तथा निदेशक (तकनीकी) योजना/परियोजना (अति. प्र.) नृपेंद्र नाथ सहित संचालन समिति, कल्याण बोर्ड, सुरक्षा समिति, श्रमसंघ प्रतिनिधि सहित संचालन क्षेत्रों से आए अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह में खदानों में ऑपरेशन, मेंटेनेंस, सुपरवाइजरी एवं अन्य तकनीकी कार्यों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 75 नियमित एवं संविदा कर्मियों को उनके श्रम, कार्यकुशलता एवं समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर

निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, कौशल और कर्म के प्रतीक हैं तथा खनन उद्योग में कार्यरत श्रमवीर अपने कौशल और परिश्रम से राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर श्रमवीरों को सम्मानित करना उनके योगदान के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी द्वारा कोयला श्रमिकों के लिए प्रेषित संदेश का भी पाठ किया गया। संदेश में देश की ऊर्जा सुरक्षा एवं विकास में कोयला श्रमिकों के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए उनके परिश्रम, समर्पण एवं राष्ट्र निर्माण में भूमिका के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। एसईसीएल में स्वच्छता एवं कार्यस्थल को स्वच्छ-सुव्यवस्थित रखने में योगदान देने वाले सफाई कर्मियों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

स्पेशल कैम्पेन 6.0 के तहत एसईसीएल मुख्यालय एवं संचालन क्षेत्रों में स्वच्छता, लंबित मामलों के निपटारे, स्थान के बेहतर उपयोग, रिकॉर्ड प्रबंधन तथा ई-ऑफिस के प्रभावी प्रबंधन सहित विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

आशीर्वाद के दीये से रोशन हुआ अंचल

पीएम मोदी का जीवन जनसेवा और राष्ट्र निर्माण को समर्पित : साव

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर को बिलासपुर जिले में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउंड में उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। यहां एक साथ 1 लाख 25 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। शाम 7 बजे जिलेभर में एक साथ लगभग 10 लाख दीप प्रज्वलित किए गए। शहर से लेकर गांवों तक दीपों की रोशनी से बिलासपुर जगमगा उठा। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने दीप प्रज्वलित कर आशीर्वाद का दीया अभियान में सहभागिता निभाई। इस कार्यक्रम में

जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, नगर निगम महापौर पूजा विधानी, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, नगर निगम सभापति विनोद सोनी, संभागायुक्त सुनील जैन, सीसीएफ मनोज पांडे, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश वाजपेयी, दीपक सिंह, हर्षिता पाण्डेय, किशोर राय, वाणी राव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

गरीब कल्याण को बताया पीएम के कार्यों की विशेषता

डिप्टी सीएम श्री साव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन जनसेवा के प्रति समर्पण की यात्रा है। वे देश के 140 करोड़ लोगों के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बिलासपुर ने इतिहास रचा है और पुलिस परेड ग्राउंड इस ऐतिहासिक आयोजन का साक्षी बना है। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि आशीर्वाद का दीया के माध्यम से लाखों लोगों ने अपने स्नेह और शुभकामनाओं की अभिव्यक्ति की है। उन्होंने आवास, स्वास्थ्य सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक सुविधाएं पहुंचाने के प्रयासों का उल्लेख किया। नगर निगम महापौर पूजा विधानी ने कहा कि 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम सेवा और जनभागीदारी की भावना को अभिव्यक्त करने वाला आयोजन है।

हिंदी के वैश्वीकरण से बढ़ रही संभावनाएं

बिलासपुर। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के भाषा एवं साहित्य विभाग (हिन्दी) द्वारा हिन्दी दिवस पर 16 सितंबर को "हिन्दी का वैश्वीकरण : संभावनाएं और चुनौतियां" विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वैश्विक स्तर पर हिन्दी के बढ़ते विस्तार, स्वीकार्यता, संभावनाओं और बदलते तकनीकी परिवेश में सामने आ रही चुनौतियों पर चर्चा की गई।

- नई चुनौतियों पर मंथन
- सीवीआरयू में हिन्दी दिवस पर परिचर्चा

मुख्य अतिथि डॉ. हीरा लाल शर्मा ने कहा कि हिन्दी भारत की सीमाओं से आगे बढ़कर विश्व कई देशों में अपनी पहचान बना रही है। वैश्वीकरण के दौर में हिन्दी के लिए नई संभावनाएं सामने आई हैं, लेकिन इसके साथ ही चुनौतियां भी हैं। साहित्य, संस्कृति, शिक्षा और तकनीक के माध्यम से हिन्दी का विस्तार किया जा सकता है।

0 वैश्विक परिवेश में हिन्दी का महत्व लगातार बढ़ रहा : कुलपति

कुलपति प्रो. प्रदीप घोष ने कहा कि हिन्दी हमारी समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक परंपरा की महत्वपूर्ण संवाहक है। वैश्विक परिवेश में हिन्दी का महत्व लगातार बढ़ रहा है। इसके व्यापक प्रसार के लिए शिक्षा, साहित्य, तकनीक और युवाओं की सहभागिता जरूरी है। समकुलपति डॉ. जयति चटर्जी ने कहा कि हिन्दी की व्यापकता उसकी सरलता और समृद्ध अभिव्यक्ति में निहित है। डिजिटल माध्यमों ने हिन्दी के वैश्विक विस्तार के नए अवसर उपलब्ध कराए हैं। नई पीढ़ी को हिन्दी से जोड़ने के लिए ऐसे माध्यमों का प्रभावी उपयोग आवश्यक है। परिचर्चा में हिन्दी के वैश्विक स्वरूप, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक भूमिका तथा डिजिटल माध्यमों में बढ़ते प्रयोग पर वक्ताओं ने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान भाषा एवं साहित्य विभाग द्वारा आयोजित कहानी लेखन एवं कविता पाठ प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

विवि हिन्दी के वैश्विक विस्तार के लिए कर रहा काम

विश्वविद्यालय हिन्दी के वैश्विक विस्तार के लिए विश्व रंग फाउंडेशन के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। लगभग 60 देशों के साथ हिन्दी के प्रचार-प्रसार और वैश्विक विमर्श को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। विज्ञान एवं तकनीकी लेखन के क्षेत्र में 'इलेक्ट्रॉनिकी' पत्रिका का प्रकाशन पिछले 45 वर्षों से हिन्दी में हो रहा है। नवोदित रचनाकारों को मंच देने के लिए 'वनमाली सृजन पीठ' की स्थापना भी की गई है। संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. शाहिद हुसैन ने किया।

अमर ने किया सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के उपभोक्ता जागरूकता अभियान "एवं" सेवा संकल्प अभियान "के अंतर्गत बिलासपुर सराफा एसोसिएशन द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक होने वाले एक माह के कार्यक्रमों का शुभारंभ विधायक अमर अग्रवाल ने किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला बिलासपुर के जिलाध्यक्ष दीपक सिंह सहित सराफा समाज के पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी और अक्टूबर 2025 में सरकार के प्रमुख के रूप में सेवा के 25 वें वर्ष में प्रवेश किया था। मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल में देश में हुए विकास एवं विभिन्न जनकल्याणकारी पहलों का उल्लेख करते हुए विकसित भारत के संकल्प में जनभागीदारी के महत्व पर अपने विचार रखे। एसोसिएशन के महासचिव श्रीकांत पांडेय ने सदर बाजार एवं सराफा बाजार में व्यापारियों और ग्राहकों के लिए सुलभ सार्वजनिक शौचालय की समस्या को उठाते हुए इसके समाधान के लिए ज्ञापन सौंपने की पहल की। विशेष संवाद अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम 6 बजे मां भारती की आरती, वंदे मातरम का सामूहिक गायन एवं विशेष अतिथियों के साथ संवाद-विचार विमर्श होगा। इसी क्रम में 17 सितंबर को कैट बिलासपुर की टीम विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रही। कैट अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, आशीष जायसवाल, परमजीत सिंह एवं सुरेंद्र अजवानी उपस्थित रहे। सराफा समाज से अजय सराफ, पंकज पारेख, राजेश शाह, जितेंद्र सोनी, सूरज सोनी, रवि सल्जा, शशांक स्वर्णकार, प्रमोद वर्मा सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान: 170 लोगों ने किया रक्तदान

बिलासपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में मरीजों की सुरक्षा, स्वच्छ चिकित्सा व्यवस्था एवं सामाजिक सहभागिता को समर्पित आयोजन किए गए। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल सिम्स कोनी में महादान रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें 170 लोगों ने रक्तदान किया, शिविर में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, सुपरस्पेशलिटी अस्पताल अधीक्षक डॉ. बीपी सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. अर्चना सिंह,डॉ. ज्योति पोते एवं डॉ. अनामिका, डॉ अनील सक्सेना की उपस्थित रहे। संक्रमण नियंत्रण एवं मरीज सुरक्षा विषय पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में निश्चेतना विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता जी. मूर्ति ने वक्तव्य रखें। कार्यक्रम में डॉ. अमित कुमार ठाकुर, डॉ. रेखा बारापात्रे, डॉ. सागरिका प्रधान, डॉ. तज्जमुल एवं डॉ. रश्मि उपस्थित रहे।

क्विज में 50 स्टूडेंट ने लिया भाग

सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा रोगी सुरक्षा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। मुख्य अतिथि डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने रोगी सुरक्षा एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला।

भाजयुमो ने रक्तदान कर दिया समाज सेवा का संदेश

बिलासपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजयुमो जिला शहर द्वारा जिला अस्पताल, पुराना बस स्टैंड, बिलासपुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक अग्रवाल ने कहा कि मोदी जी का सार्वजनिक जीवन राष्ट्रसेवा, गरीब कल्याण और जनहित के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री हर्षिता पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, महापौर पूजा विधानी, जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह भोगल, किशोर राय, देवेंद्र कौशिक, रितेश अग्रवाल, गौरी गुप्ता आदि मौजूद रहे।

अब आठ बजे खुलने लगी दुकानें, पहले घंटों इंतजार करना पड़ता था

ग्रेन एटीएम के 'गुरूत्वाकर्षण' से डरे राशन दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ⏩ बिलासपुर

राशन दुकानों की दहलीज पर घंटों बैठकर दुकान खुलने का इंतजार कर रहे राशन कार्डधारियों का इंतजार अब राशन दुकानदार खुद करते नजर आ रहे हैं। ग्रेन एटीएम के डर से राशन दुकानें अब सुबह आठ बजे खुलने लगी हैं। एटीएम से अगस्त के पंद्रह दिनों में 1 हजार 350 लोगों ने चावल लिया था, और इस महीने 1 हजार 222 लोगों ने 14 सौ क्विंटल चावल प्राप्त कर लिया है, जबकि माह के 13 दिन अभी भी शेष हैं।

शहर के इकलौते ग्रेन एटीएम ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जारी किए जाने वाले खाद्यान्न वितरण व्यवस्था में हलचल मचा दी है। सरकंडा में ग्रेन एटीएम की स्थापना 8 अगस्त को की गई थी। अभी इसकी स्थापना को

बमुश्किल एक महीने ही हुए हैं और राशन दुकानदारों को इससे बड़ा फर्क पड़ने लगा है। अब तक शहर की कई दुकानों के खिलाफ निर्धारित समय पर दुकान नहीं खोलने या जल्दी बंद कर देने या लगातार कई दिनों तक दुकान बंद होने जैसी शिकायतें मिलती रहीं हैं। हितग्राहियों को चिलचिलाती धूप में अपना झोला लटकाए खाद्यान्न के लिए लाईन लगाए भी देखा जाता रहा है। अब अपने ग्राहकों को ग्रेन एटीएम से दूर रखने और अपनी तरफ खींचने वही राशन दुकानदार निर्धारित समय पर दुकानें खोलते और अधिक समय तक दुकानों में बैठते नजर आ रहे हैं। शासन ने ग्रेन एटीएम की सफलता को ध्यान में रखते हुए शहर के विभिन्न हिस्सों में अगर एटीएम की स्थापना कर दी तो राशन कार्डधारियों की तो सहूलियत बढ़ जाएगी, लेकिन राशन दुकान संचालकों को बड़ा फर्क पड़ जाएगा।

24 घंटे की सेवा है

इस बात में कोई संदेह नहीं है कि ग्रेन एटीएम की उपयोगिता सार्थक हो रही है। केवल एक महीने में ही करीब 28 सौ हितग्राहियों ने एटीएम से खाद्यान्न का उठाव किया है। जबकि अभी यह सेवा 24 घंटे के लिए प्रारंभ नहीं की गई है। शहर में कई स्थानों पर अब राशन दुकानदारों के द्वारा निर्धारित समय पर दुकान खोल देने की भी सूचना मिल रही है, जो कहीं ना कहीं ग्रेन एटीएम की सफलता का ही असर है।

-अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

बड़ौदा बैंक के नवीनीकृत परिसर का उद्घाटन

बिलासपुर। बैंक ऑफ बड़ौदा की बिलासपुर मुख्य शाखा के नवीनीकृत एवं आधुनिक परिसर का भव्य उद्घाटन बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक दिवाकर प्रसाद सिंह, महाप्रबंधक अंचल कार्यालय रायपुर एवं क्षेत्रीय प्रमुख प्रदीप कुमार यादव की उपस्थिति में किया गया। ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं, आधुनिक वातावरण एवं अधिक सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिलासपुर मुख्य शाखा का व्यापक रूप से नवीनीकरण किया गया है।

नवीनीकृत शाखा को आधुनिक बैंकिंग आवश्यकताओं के अनुरूप आकर्षक एवं सुविधाजनक स्वरूप प्रदान किया गया है। उद्घाटन समारोह में 100 से अधिक ग्राहक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बैंक अधिकारियों एवं उपस्थित अतिथियों ने नवीनीकृत शाखा का अवलोकन किया तथा बैंक की विभिन्न सेवाओं एवं ग्राहक-केंद्रित पहलों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर महाप्रबंधक दिवाकर प्रसाद सिंह ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा अपने ग्राहकों को बेहतर एवं आधुनिक बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है साथ ही डिजिटल लेन-देन में सावधानी बरतने, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने तथा सुरक्षित बैंकिंग अपनाने का संदेश दिया गया। नवीनीकृत शाखा के माध्यम से ग्राहकों को सुविधाजनक एवं गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। क्षेत्रीय प्रमुख प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि बिलासपुर मुख्य शाखा बैंक ऑफ बड़ौदा की महत्वपूर्ण शाखाओं में से एक है। शाखा के नवीनीकरण से ग्राहकों को अधिक सुगम, सहज एवं आधुनिक बैंकिंग वातावरण उपलब्ध होगा। उद्घाटन समारोह में बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। समापन पर शाखा प्रबंधक आशीर्वाद बनर्जी सभी का आभार व्यक्त किया।

श्री सिद्धिविनायक गणेशोत्सव कुम्हारपारा जूना बिलासपुर।

नियाती सोनी चिंगराजपारा।

श्री चिंतामणि गणेश उत्सव कश्यप मोहल्ला, चिंगराजपारा।

वालिम्बे परिवार, पारिजात कॉलोनी।

27 खोली इंद्रसेन नगर।

आराध्या गणेशोत्सव समिति तिफरा विकास नगर।

रॉयल रेजीडेंसी फेस-2 में विराजे गणपति।

राधा कृष्ण मंदिर गणेशोत्सव समिति लोधीपारा।

संकल्प गणेश समिति हटरी चौक जूनापारा।

आयांश गणेश समिति जूना बिलासपुर।

विधि-विधान से शुरू हुई तीन दिवसीय आराधना

महाराष्ट्रीयन परिवारों में महालक्ष्मी की स्थापना

मराठी परिवारों में महालक्ष्मी पूजन भाद्रपद महीने में सप्तमी तिथि से आरम्भ होने वाला तीन मनाया जाने वाला एक बेहद खास और पवित्र पूजन होता है। यह पूजा आमतौर पर गणेशोत्सव के दौरान होती है। मराठी परंपरा के अनुसार, महालक्ष्मी को भगवान गणेश की माता माना जाता है, जो अपने मायके आती हैं। यह उत्सव पूरे तीन दिनों तक चलता है। बिलासपुर के सरकंडा, तिलक नगर, टिकरा पारा, नेहरू नगर, पारिजात कॉलोनी, एस ई सी एल, एवं रेलवे कॉलोनी में मराठी शैली में महालक्ष्मी पूजन प्रारम्भ हुआ।

बिलासपुर। शहर के सरकंडा, तिलक नगर, टिकरा पारा, नागदौने कालोनी, नेहरू नगर, पारिजात कॉलोनी, एसईसीएल एवं रेलवे कॉलोनी में मराठी शैली में महालक्ष्मी पूजन प्रारंभ हुआ। इसके पहले दिन गुरुवार को गौरी का आगमन हुआ। घर में महालक्ष्मी का स्वागत मुख्य द्वार से लेकर पूजा स्थल तक लक्ष्मीजी की पैरों के निशान, रंगोली या कुमकुम से किया गया।

मराठी परिवारों में महालक्ष्मी पूजन भाद्रपद महीने में सप्तमी तिथि से आरंभ होने वाला एक बेहद खास और पवित्र पूजन होता है। यह पूजा आमतौर पर गणेशोत्सव के दौरान होती है। मराठी परंपरा के अनुसार महालक्ष्मी को भगवान गणेश की माता मानी जाती है, जो अपने मायके आती हैं। यह उत्सव पूरे तीन दिनों तक चलता है। परंपरा के अनुसार अलग-अलग घरों में तांबे या मिट्टी के कलश पर महालक्ष्मी के चेहरे को सजाया जाता है। उन्हें सुंदर साड़ी, सोने या मोतियों के गहने और हरी चूड़ियां पहनाई जाती हैं। गौरी को घर में लाते समय महिलाएं महालक्ष्मी सोने के कदमों से हमारे घर आ गई हैं और सुख-समृद्धि लाई है, कहते हैं। सरकंडा में दिलीप चोपड़े, प्रवीण दिघ्रस्कर, दत्तात्रेय श्रृंगाले, श्रीकांत श्रृंगाले, शेखर विठ्ठलकर, बालू दिघ्रस्कर, रविन्द्र चिपड़े के घरों में देवी आव्हान किया गया।

शांति नगर में आशीष पाठक के निवास में महालक्ष्मी पूजन।

देवी मां लेकर आती हैं आरोग्य, वैभव

तिलक नगर निवासी उदय गुप्ते परिवार के घर में भी महालक्ष्मी का पारंपरिक आगमन हुआ। प्रकाश व कविता सितुत के नागदौने कालोनी व्यापार विहार स्थित निवास स्थान में भी महालक्ष्मी गौरी का आगमन हुआ। श्री सितुत ने बताया कि महालक्ष्मी ममता व समृद्धि की प्रतीक है। उनके यहां विराजित बाप्पा व गौरी माता का दर्शन लाभ लेने उनके परिवार सहित अन्य कई लोग पहुंचते हैं।

कृष्ण कुंज निवास जबड़ापारा में महालक्ष्मी पूजन।

उसलापुर निवासी शुभम संजय देशपांडे के यहाँ गुरुवार को महालक्ष्मी देवी की स्थापना की गई, महालक्ष्मी देवी का पूजन किया जाएगा व उन्हें नैवेद्य के रूप में सोलह प्रकार की चटनी और सोलह प्रकार की सब्जी व मिष्ठान्न का भोग अर्पित किया जाएगा।

संस्थानों, उद्योगों में विराजे देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा

बिलासपुर। भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर शहर और आसपास के क्षेत्रों में स्थित फैक्ट्रियों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, वर्कशॉप एवं विभिन्न संस्थानों में विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान कर्मचारियों और संस्थान के संचालकों ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष पूजा कर सुख-समृद्धि और प्रतिष्ठान की उन्नति की कामना की। पूजा के दौरान मशीनों, औजारों एवं निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले उपकरणों को साफ कर उनका विधिवत पूजन किया गया।

हरिभूमि कार्यालय में विराजे देवशिल्पी

गौरव पथ रिंग रोड नं. 2 स्थित हरिभूमि कार्यालय में गुरुवार को विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। पूजा, हवन कर आरती की गई। साथ ही संस्थान की सफलता व उन्नति की कामना की गई। अंत में प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा पं. अरूण ज्योतिषि ने संपन्न कराई। इस मौके पर हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार, सहायक महाप्रबंधक मनीष त्रिपाठी, श्री अरोरा, कादिर, रितेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

सिम्स में विराजे देवशिल्पी

गुरुवार को सिम्स महाविद्यालय में देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान छात्रों ने प्रदेश के खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की। प्रसाद वितरण कर भगवान का आशीर्वाद लिया। इस दौरान भगवान विश्वकर्मा द्वारा किए गए निर्माण कार्य की सराहना की। उनसे संस्थान की सफलता का आशीर्वाद मांगा। सभी देवताओं की तरह उन्हें भी पूजनीय एवं आदर्शवादी माना।

रील बनाओं प्रतियोगिता में शहर के प्रतिभागियों ने बनाई जगह

बिलासपुर। गुरुद्वारा दयालबंद में आयोजित रील बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, उसमें 1 हजार प्रतिभागी ने भाग लिया। जिसमें सुपर 30 में बिलासपुर के 2 प्रतिभागी आए थे, जिसमें इशलीन कौर सलूजा, पुत्री सरदार अजीत सिंह, संदीप कौर सलूजा एवं जानवी कौर गांधी, पुत्री अजय मंजू गांधी थे। साथ ही जो दस्तार सजाओ प्रतियोगिता हुई थी, उसमें शहर के दो सिख भाई गुरमीत सिंह और गुरप्रीत सिंह ने भी अपना स्थान प्राप्त किया था। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने चारों बच्चों का सम्मान गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में मोमेंटो एवं गिफ्ट दे के किया। जिसमें गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार परमजीत सिंह सलूजा, सचिव अमरजीत सिंह दुआ, कोषाध्यक्ष गुरदीप सिंह अजमानी, सहसचिव जसवीर सिंह गांधी,बलजीत सिंह गंभीर, इंद्रजीत सिंह इच्छपूरानी एवं गुरुद्वारा दयालबंद के हेड ग्रंथि भाई मान सिंह द्वारा किया गया।

भजन प्रतियोगिता, तत्त्वार्थ सूत्र, मंगलाष्टक, अभिषेक, शांतिधारा, प्रवचन संपन्न

दसलक्षण महापर्व द्वितीय दिवस उत्तम मादर्व

बिलासपुर। समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर महाराज एवं आचार्य समय सागर महाराज की शिष्या आर्यिका श्री 105 अकम्प मति माता जी, आर्यिका श्री 105 अचल मति माता के सानिध्य में "दशलक्षण पर्व " का आयोजन 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, क्रातिनगर में बुधवार "भाद्रपद शुक्ल" से शुरू हुवा। गुरुवार को आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर क्रातिनगर सहित शहर के 1008 श्री पार्श्व नाथ दिगम्बर जैन मंदिर सरकंडा एवं 1008 पंचबालयती दिगम्बर जैन मंदिर सन्मति विहार मंगला जैन मंदिर जी मे मंगलाष्टक, अभिषेक, शांतिधारा माताजी के मुखारबिंद से, पूजन, प्रवचन एवं समाज के श्रावकों ने तत्त्वार्थ सूत्र का वाचन किया। अभिषेक एवं शांतिधारा के पात्रों का चयन बोलियों के माध्यम से किया गया। पर्व के दौरान बाहर से आए सभी श्रावक श्राविकाओ के भोजन की व्यवस्था समाज के संरक्षक प्रवीण शकुन जैन, विनोद रंजना जैन, सुकुमार सरिता जैन परिवार की तरफ से क्रांतिनगर जैन भवन मे की गई है। जिसका लाभ प्रतिदिन लोग ले रहे है। सभी कार्यक्रमों में प्रवीण जैन, विनोद जैन, शकुन जैन, रंजना जैन, सुकुमार जैन, सनत जैन, दीपक जैन, जय कुमार जैन, कैलाश जैन, भूपेंद्र चंदेरिय, विशाल जैन, प्रकाश रंजनी वासल, राकेश जैन, सुनीता जैन, आशा जैन, मंगला जैन, प्रमोद जैन, रेखा जैन, अरुण जैन मौजूद रहे।

खुला प्रश्न मंच प्रतियोगिता आज

महिला मंडल सरकंडा द्वारा खुला प्रश्न मंच का आयोजन किया जा रहा है। महिला मंडल की अमिता गोयल ने बताया कि शुक्रवार को ॰खुला प्रश्न मंच॰ प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता मे सभी उम्र के श्रावक श्राविका भाग लेंगे। 30 प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रश्न दस धर्मो से संबंधित रहेंगे विजेता को महिला मंडल सरकंडा द्वारा पुरुस्कार भी दिया जाएगा।

तत्त्वार्थ सूत्र का वाचन

पर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव पर तत्त्वार्थ सूत्र का वाचन वीर कुमार जैन, नितिन जैन, राहुल जैन, अमन जैन, विशाल जैन, पुनीत जैन, विकास जैन, चेतन जैन, सुप्रीत जैन, संदीप जैन ने किया। वाचन से पूर्व सभी ने अभिषेक शांति धारा किया। जैन सभा द्वारा गुरुवार को धार्मिक भजन देव, शास्त्र, गुरु पर आधारित भजन प्रतियोगिता आयोजित की गई । जिसमें सभी प्रतिभागियों को भजन प्रस्तुति के लिए 3 मिनट कराओके के साथ दी गई । भजन का मुखड़ा और एक अंतरा गाया गया । कार्यक्रम का क्षिप्रा जैन ने सफल संचालन किया।

खबर संक्षेप

दीप जलाकर पीएम मोदी के स्वस्थ जीवन की कामना

सीपत। वैदिक महाविद्यालय सीपत में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई के तत्वाधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर दीप प्रज्वलन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय परिसर में दीप जलाकर प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रामेश्वर साहू ने कहा कि दीप प्रज्वलन सकारात्मक ऊर्जा, सेवा और सामाजिक जागरूकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक हिमांशु गुप्ता, संत कुमार रात्रे, जयंत पांडेय, सुश्री आंचल सहित प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जगमगाए 11 हजार 'आशीर्वाद के दीये'

बोदरी। राज्य शासन द्वारा आयोजित 'सेवा संकल्प' अभियान के तहत उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव की अपील पर नगर पालिका परिषद बोदरी में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। अभियान के पहले दिन बोदरी नगर में 11 हजार दीये जलाकर उत्सव जैसा माहौल निर्मित किया गया। नपा अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा के निवेदन पर व्यापारियों ने अपनी दुकानों के बाहर दीप जलाए। इसके अलावा झूलेलाल मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, अटल चौक, गुड़ी चौक, महामाया चौक, हनुमान चौक और नगर पालिका कार्यालय में दीप प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष नीलम विजय वर्मा, सभापति विजय वर्मा, भावना आशीष खत्री, डॉली दीपक जगवानी, श्याम आर्या, पार्षद जोहित राम धुरी, पूर्व पार्षद रामेश्वर ध्रुव, जेठू राम साहू, अजय पाटिल, सीएमओ प्रदीप मिश्रा, उप अभियंता रश्मि देवांगन सहित नपा स्टाफ एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

विश्वकर्मा जयंती, शोभायात्रा के साथ प्रतिमा विसर्जित

तखतपुर। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर नगर में भगवान की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। इस कार्यक्रम में आचार्य पं शत्रुहन पाण्डेय एवं यजमान शकुन विनोद ठाकुर रहे। पूजन के बाद शोभायात्रा नगर में निकाली गई जो हाईस्कूल, मुख्य मार्ग होते हुए नया बस स्टैंड, बजरंग नगर, पुराना बस स्टैंड, संगम नगर होते हुए मनियारी नदी घाट विसर्जन के लिए गई। इस अवसर पर दिलीप तोलानी, रोशन मिश्रा, आनंद दुबे कंपनी प्रतिनिधि, ओंकार सिंह ठाकुर, मेंलू ठाकुर, शकुन विनोद सिंह, सीताराम साहू, कालूराम साहू, गंगाराम सिंग सरिया, नरेन्द्र रात्रे, लखनू धुरी, बल्लू साहू, सुरेश ठाकुर, लालू ठाकुर, मुन्ना सिंह, विजय ठाकुर, अजय ठाकुर, परमेश्वर ठाकुर, बिल्लू ठाकुर, दादन सिंह, रामकुमार, कंगलु यादव, माखन ठाकुर, राजकुमार, रामकुमार, सुमन ठाकुर, ननकी केंवट, पंडित शत्रुघ्न पांडे, रोशन मिश्रा, आनंद दुबे सहित राज मिस्त्री संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान में भावुक पल

डिप्टी सीएम साव ने पेंशनधारियों के पैर पखार कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

क्षेत्रीय विधायक एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मानस मंच में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के वरिष्ठ पेंशनधारियों के पैर पखारकर उनका आशीर्वाद लिया। वरिष्ठजनों के चरणों में झुककर आशीर्वाद लेने का यह दृश्य भावुक कर देने वाला रहा। यह पल हमारी भारतीय संस्कृति के संस्कार और वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान का जीवंत उदाहरण बना। इस अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और हवन-यज्ञ किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस और जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लोरमी के मानस मंच में "स्नेह, सेवा एवं सम्मान समारोह" आयोजित किया गया। समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री साव शामिल होकर वरिष्ठजनों का सम्मान किया। इस अवसर पर दो हजार से अधिक वरिष्ठजनों का सम्मान किया। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। श्री साव ने कहा कि हमारे वरिष्ठजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके जीवन का अनुभव और ज्ञान हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। बुजुर्गों का सम्मान करना हमारा संस्कार है। उनके

आशीर्वाद और अनुभवों से समाज को प्रेरणा मिलती है। लोरमी नगर पालिका क्षेत्र में सवा लाख आशीर्वाद के दीप जलाए गए। नगर और गांवों में सार्वजनिक स्थलों, अटल परिसर, चौक-चौराहों, मंदिरों और गुरुद्वारों में दीप प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी ज्योतिदन दुबे, जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, दीनानाथ केशरवानी, गुरमीत सलूजा, धनीराम यादव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजना दास, रत्ना काठले, अनिता साहू, शैलेश पाठक, रामेश्वर बंजारे, प्रदीप मिश्रा, उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल, रामवतार तितरा, राधेश्याम अग्रवाल, संतोष साहू, महाजन जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, दिनेश कश्यप, राजेंद्र साहू, लेखराज सिंह, दिनेश साहू पार्षदगण, एल्डरमैन, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

घर के दरवाजे के पास संदिग्ध अवस्था में मिला 55 वर्षीय व्यक्ति का शव, गांव में पसरा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

साकेत चौकी अंतर्गत ग्राम अंडा में गुरुवार को एक 55 वर्षीय व्यक्ति का शव उसके घर के दरवाजे के पास संदिग्ध अवस्था में मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मथुरा प्रसाद कौशिक के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जांच के बाद पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया भेजा गया।

■ मुंडन कार्यक्रम में बुलाने पहुंचे ग्रामीणों ने देखा शव, पुलिस ने जांच के बाद पीएम के लिए भेजा

घर में अकेले रहता था मृतक साकेत चौकी प्रभारी रोशन टंडन ने बताया कि ग्राम अंडा निवासी मथुरा प्रसाद कौशिक (55) अपने घर में अकेले रहता था। गुरुवार को गांव में मुंडन कार्यक्रम आयोजित था। इसी दौरान कुछ ग्रामीण उसे कार्यक्रम में बुलाने के लिए उसके घर पहुंचे। वहां दरवाजे के पास उसका शव पड़ा हुआ मिला, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस के अनुसार, शव काफी पुरानी अवस्था में था। पुलिस ने आवश्यक जांच कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पथरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगी मौत की वजह साकेत चौकी प्रभारी रोशन टंडन ने बताया कि ग्राम अंडा में एक व्यक्ति का शव मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों के संबंध में स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर मंदिरों से लेकर चौक-चौराहों तक दीप प्रज्वलन

सीपत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार को सीपत क्षेत्र में मंदिर, देवालयों और सार्वजनिक स्थलों पर आशीर्वाद का दीप जलाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने अपने गृहग्राम में भी दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान ग्राम पंचायत सीपत के नवधा रामायण चौक, बजरंग मंदिर, ग्राम पंचायत भवन और बस स्टैंड सहित विभिन्न स्थानों पर कुल 2 हजार 653 दीप जलाए गए। इसी क्रम में खम्हरिया स्थित गायत्री मंदिर में 351 दीप तथा धनियां स्थित गायत्री मंदिर में 251 दीप प्रज्वलित किए गए। नवधा रामायण चौक नवाडीह में आयोजित कार्यक्रम में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष वैभव तंबोली मुख्य रूप से शामिल हुए। इस तरह सीपत क्षेत्र में कुल 3 हजार 655 दीप जलाए गए। भाजयुमो मंडल अध्यक्ष वैभव तंबोली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन कार्यकर्ताओं और आमजन के लिए सेवा एवं संकल्प का अवसर है। दीप प्रज्वलन के माध्यम से क्षेत्रवासियों ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु और स्वस्थ्य जीवन की कामना की। सचिव हेमंत पटेल ने कहा कि ग्रामवासियों ने उत्साह के साथ दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में सहभागिता की।

डुमरिहा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने दिया सेवा का संदेश

गौरेला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पालिका परिषद गौरेला की उपाध्यक्ष एवं वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद रोशनी तापस शर्मा के द्वारा ग्राम डुमरिहा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, एल्डरमैन ठा. रामप्रकाश सिंह, जिला मंत्री गंगोत्री राठौर, वरिष्ठ पार्षद अरुणा चक्रधारी, अल्पसंख्यक मोर्चा नेता कुलदीप सिंह धीरज, व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सचिन जैन, मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास, दीपक शर्मा और सेमरा सरपंच तूफान सिंह की गरिमामय उपस्थिति में हुए। नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है। प्रधानमंत्री मोदी जी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन की सेवा यात्रा हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है। उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वस्थ्य भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह एक छोटा सा प्रयास है। वार्ड के हर जरूरतमंद व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचे, इसी उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया है।

ग्राम चितावर में जलाए गए आशीर्वाद के दीये, विधायक धर्मजीत हुए शामिल

तखतपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम चितावर में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक धर्मजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। देशभर में चल रहे इस अभियान के तहत लोगों ने दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ्य, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम में विधायक धर्मजीत सिंह ने दीप प्रज्वलित कर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन सेवा, सुशासन और विकास के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा है। जनपद अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण तथा समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय योगदान देने का संकल्प भी लिया। आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम सेवा संकल्प अभियान की प्रमुख गतिविधियों में शामिल है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और जनसेवा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

मोहबंधा स्कूल में नशामुक्ति व स्वच्छता का महाअभियान, छात्रों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ

लोरमी। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल मोहबंधा में 'सेवा संकल्प' एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नशामुक्ति जागरूकता व स्वच्छ भारत अभियान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोरमी की मेडिकल टीम, इको क्लब और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में राजेंद्र साहू ने छात्रों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी, वहीं अभिलाष जायसवाल ने 'नशा मुक्ति में छात्रों की भूमिका' पर विचार रखते हुए युवाओं से 'पहली बार ना' कहने का आह्वान किया। प्राचार्य केशव ध्रुव ने नशे को नाश की जड़ बताते हुए इससे दूर रहने की सीख दी। इसके बाद अभिलाष जायसवाल ने सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। स्वच्छता अभियान के तहत मेडिकल टीम व इको क्लब के सदस्यों ने स्कूल परिसर और मुख्य मार्ग पर सफाई की तथा पेड़ लगाओ तो प्राण बचाओ़ के नारे के साथ पौधरोपण किया। इस दौरान महेंद्र ध्रुव, राजेश राजपूत, शिवेन्द्र चंद्राकर, बंसीलाल वर्मा, मिंटू छाबड़ा, जीवन साहू, मुकेश कश्यप, अवधेश राजपूत, तीर्थ साहू सहित शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

नगर पंचायत बरेला में सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रज्ज्वलित हुए 3 हजार 100 दीप

बरेला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नगर पंचायत परिसर में 3 हजार 100 दीप प्रज्वलित किए गए। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने सेवा और समाजहित के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत बरेला के अध्यक्ष नरेश पटेल, उपाध्यक्ष जैनुल शेख तथा पवन पांडेय, राकेश बैस की प्रमुख उपस्थिति रही। जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। एक साथ जलाए गए दीपों से परिसर का वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण नजर आया। दीपों की रोशनी के माध्यम से सेवा, समर्पण, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि दीप केवल रोशनी का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और सेवा भावना को आगे बढ़ाने का माध्यम भी हैं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि किसी भी क्षेत्र का विकास केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है।

बुढ़ीखार स्कूल में संध्याकालीन जलाया गया आशीर्वाद दीप

मल्हार। सेवा संकल्प अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुढ़ीखार में प्राचार्य काशीराम रजक एवं प्रधान पाठक बीरबल प्रसाद थवाईत की उपस्थिति में संध्याकालीन आशीर्वाद दीप जलाया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सदस्य एवं पंचगणों ने भी आशीर्वाद दीप जलाया। बारिश होने के बावजूद दीप ज्योति परम ज्योति, दीप ज्योति जनार्दन दीपो, हरतु में पापं, दीप ज्योति नमस्तुते के मंत्र के साथ बड़े ही उत्साह पूर्वक दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम तिथि वार निश्चित कर संस्था के शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंप दी गई है जिसके आधार पर 18 सितंबर को शाला स्तर पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता होगी व शनिवार को संकुल स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता संपन्न होंगी।

इसके लिए पूरी जिम्मेदारी एवं तैयारी कर ली गई है, कार्यक्रम में मिथिला थवाईत, सत्या थवाईत, श्यामंता थवाईत, देव कुमारी रजवार, शैल सोनी, शशि, भरत थवाईत, सुनील थवाईत, जैतपुर समिति के अध्यक्ष दीपक गुप्ता, अभिषेक खूंटें, मिथिलेश कुमार सोनी सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

डीएवी स्कूल में पीएम मोदी के जन्मदिवस पर दीप प्रज्वलन

बिल्हा। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल गोढ़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में संध्या दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ्य, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण, स्वच्छता, सेवा एवं कर्तव्यनिष्ठा के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को देश की प्रगति में सक्रिय योगदान देने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

नाम सुधार व परिवर्तन

मैं, लक्ष्मी प्रसाद केंवट, निवासी: ग्राम-मोढ़े, थाना व तहसील-तखतपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) यह घोषित करता हूँ कि मेरी नाबालिग पुत्री का वास्तविक नाम "प्रज्ञा केंवट" है जो स्कूल रिकॉर्ड में सही दर्ज है, परंतु अज्ञानतावश उसके आधार कार्ड में नाम "पूजा केंवट" दर्ज हो गया है। इसके अतिरिक्त, पुत्री के स्कूल रिकॉर्ड में मेरा (पिता का) नाम केवल "लक्ष्मी प्रसाद" दर्ज है, जिसे बदलकर मैंने अपना सही नाम उपनाम सहित "लक्ष्मी प्रसाद केंवट" परिवर्तित कर लिया है ताकि भविष्य में मेरी पुत्री को केवल प्रज्ञा केंवट तथा मुझे लक्ष्मी प्रसाद केंवट के नाम से जाना जाए। इसके लिए शपथ पत्र दिनांक 20/08/2026 को नोटरी, बेमेतरा से निष्पादित कराया है।

शपथकर्ता
लक्ष्मी प्रसाद केंवट

शपथ-पत्र

मैं फातेमा (FATEMA) आयु 52 वर्ष पति मोईज हुसैन, निवासी हाउस नंबर 202, वार्ड नंबर 31, बोहरा मस्जिद के पास, खपरगंज, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूँ जो कि शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि:-

1. यह कि मेरा वास्तविक नाम फातेमा (FATEMA) पति मोईज हुसैन है।
2. यह कि मेरे पुत्र अजीज हुसैन (AZIZ HUSSAIN) पिता मोईज हुसैन के कक्षा 10वीं की अंकसूची में मेरा नाम फातिमा मोईज हुसैन (FATIMA MOIZ HUSSAIN) दर्ज है।
3. यह कि मेरे पुत्र अजीज हुसैन (AZIZ HUSSAIN) पिता मोईज हुसैन के कक्षा 12वीं एवं स्नातक की अंकसूची में मेरा नाम फहातिमा हुसैन (FHATIMA HUSSAIN) दर्ज है।
4. यह कि आधार नंबर 6876 0343 0699 एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा वास्तविक नाम फातेमा (FATEMA) पति मोईज हुसैन दर्ज है।
5. यह कि फातेमा (FATEMA), फातिमा मोईज हुसैन (FATIMA MOIZ HUSSAIN) एवं फहातिमा हुसैन (FHATIMA HUSSAIN) तीनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरा ही नाम है किसी अन्य का नाम नहीं है।
6. यह कि मेरे पुत्र अजीज हुसैन (AZIZ HUSSAIN) के पासपोर्ट नंबर K1370269 में एवं जन्म प्रमाण पत्र में मेरा वास्तविक नाम फातेमा (FATEMA) दर्ज है।
7. यह कि मेरे पुत्र अजीज हुसैन (AZIZ HUSSAIN) पिता मोईज हुसैन के पासपोर्ट के दस्तावेजों में मेरा वास्तविक नाम फातेमा (FATEMA) दर्ज किया जाए।

अत: यह शपथ पत्र उपरोक्त के समर्थन में निष्पादित कर रही हूँ।

शपथकर्ता
फातेमा (FATEMA)

नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम आशिस जेना, पिता श्री कृपासिंधु जेना, माता श्रीमति कल्याणी जेना, निवासी म.नं. सी-8/6 अदानी आवासीय कॉलोनी, आदानी कोरबा पावर प्लांट पथाड़ी कोरबा (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मै अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम आशिष जेना रख लिया हूं

अत: अब भविष्य में मुझे नया नाम आशिष जेना के नाम से समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में जाना-पहचाना जाये।

आशिष जेना
पिता श्री कृपासिंधु जेना
निवासी म.नं. सी-8/6 अदानी आवासीय कॉलोनी, आदानी कोरबा पावर प्लांट पथाड़ी कोरबा (छ.ग.)
मोबा.: 9668544431

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक/क/अति.तह./वाचक/2026
बिलासपुर, दिनांक 11/9/2026
रा.प्र.कं./अ-6/2025-26
ग्राम-मंगला, प.ह.नं.-35

एतद्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मंगला, प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. सरकंडा, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि मौजा मंगला, प.ह.नं. 35, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 1548/1, 1548/5, 1548/13 रकबा क्रमशः 0. 0360, 0.0182, 0.1638 हेक्टेयर भूमि पर आवेदक श्री राजू पटेल पिता स्व. श्यामजी भाई पटेल निवासी नर्मदा नगर, नेहरू नगर रोड़ बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा इस न्यायालय मे छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत खातेदार का फौत होने से विधिक वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति / दावा हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 28/9/2026 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति / दावा पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/9/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया

अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार तहसील सकरी, जिला बिलासपुर

मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ :- जिला बिलासपुर तहसील-सकरी प.ह.न.-00054 तुरकाडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202526401117700039

ईश्तहार

तहसील सकरी के प.ह.न. 00054 के अंतर्गत ग्राम तुरकाडीह के वर्तमान भूमिस्वामी श्यामजी भाई पिता/पति-धनजी भाई पटेल पता-सा नर्मदा नगर बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 207/2/क (0.3000), 207/1/ख (0.5670) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता विद्या बेन मीना राजू दीपक पटेल पिता/पति-श्याम जी भाई पटेल पता-तुरकाडीह के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/10/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार तहसील सकरी, जिला बिलासपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/09/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार : Rahul Sharma
तहसील सकरी,

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 31/08/2026

ग्राम लिंगियाडीह के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम लिंगियाडीह प.ह.न. 31 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.न. 54/29 में से रकबा 0.202 हेक्टेयर/एकड़ घर/ एकड़ भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदक /आवेदिका रेखा सिदार पिता/पति हरिशचन्द्र सिदरा निवासी जूना बिलासपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 18/09/2026 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक 31/08/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल विहार योजना चिल्हाटी जिला बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित भवन कमांक ई.डब्लू.एस.- 195, मूल आबंटी श्रीमति श्रद्धा पाठक, पति श्री हिमांशु पाठक को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 24.08.2021 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत प्रथम क्रेता द्वारा विक्रय विलेख दिनांक 03.07.2024 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को प्रथम क्रेता श्री अरूण कुमार कश्यप, पिता श्री रामस्नेही कश्यप नामांतरण करना चाहता है। नामातरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसरंचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर

ईश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, भागीदारी फर्म मे. गजराज इंजीनियरिंग, जिसका पंजीयन क्रमांक-268/11-12 दिनांक 02.02.2012 जो कि पजीयक फर्म्स एवं संस्थाएं बिलासपुर से पंजीकृत है। इस फर्म में वर्तमान में दो साझेदार-अरूण कुमार ताम्रकार एवं राजेन्द्र कुमार ताम्रकार हैं।

हम दोनों के भागीदार की आपसी सहमति एवं इच्छा से श्री कपिल ताम्रकार पिता-श्री राजेन्द्र कुमार ताम्रकार को फर्म में दिनांक 01.07.2026 से शामिल कर रहे हैं। अब इस फर्म में कुल तीन भागीदार अरुण कुमार ताम्रकार, राजेन्द्र कुमार ताम्रकार एवं कपिल ताम्रकार रहेंगे।

यह ईशतहार पजीयक फर्म्स एवं संस्थाए में संशोधन हेतु प्रस्तुत किया गया है।

अत: सूचना जाने।

पार्टनर
मे गजराज इजीनियरिंग
जापान टाल के पास, जूनी लाईन
बिलासपुर छ ग

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल अटल विहार योजना चिल्हाटी बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक HIG 10, मूल आबंटी श्रीमती रेणुका श्रीवास्तव पति श्री सुभाष कुमार श्रीवास्तव, को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 15.02.2018 को पंजीकृत किया गया हैं। मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 08.11.2025 को हो गयी है। मृत्यु उपरांत मूल आबंटी के पति श्री सुभाष कुमार श्रीवास्तव पिता श्री जगदीश श्रीवास्तव, उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरित करना चाहते हैं नामांतरण अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)

आर. के. अरोरा व एक अन्य
---आवेदकगण

// विरूद्ध //

भारतीय स्टेट बैंक वगैरह ......अनावेदकगण
प्र.क्र.- 45/2026
पेशी ता- 09/10/2026
प्रोसेसनं.-117/26

समंस

आम जनता जिसका इससे सम्बंध हो - अनावेदक क्र.03

आवेदकगण ने अनावेदकगण के विरूद्ध सुश्री उमा बाला अरोरा पिता स्व. बलदेव राज अरोरा के नाम से अनावेदक क्र. 01 की शाखा में बचत खाता क्र. 11480717879 में राशि 44,77,045/- रू. तथा एफ.डी.आर. खाता क्र. 31637061391 में राशि 10,86,949/-, एफ.डी.आर. खाता क्र. 32440488941 में राशि 2,19,617/-, एफ.डी.आर. खाता क्र. 32626711019 में राशि 2,12,994/-. एफ.डी.आर. खाता क्र. 33504408901 में राशि 1,79,621/-, एफ.डी.आर. खाता क्र. 32279209859 में राशि 8,65,370/- रू. जमा है, तथा लॉकर क्र. M31 लिया गया है जो कि आवेदकगण की बहन स्व. उमा बाला अरोरा एवं पिता स्व. बलदेवराज अरोरा के संयुक्त नाम पर है। खातेदारों की मृत्यु होने के कारण आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम वास्ते उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने बाबत प्रस्तुत गया है जिसकी पेशी दिनांक 9/10/2026 को नियत है। अनावेदक क्र. 03 आम जनता जिसका इससे सम्बंध हों को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस/समंस का प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में पेशी दिनांक 9/10/2026 को दिन के 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें, अन्यथा आप लोगो के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 9/10/2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक 09/09/2026 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

दिनांक 09/09/2026
स्थान- बिलासपुर (छ.ग.)

असलम खान
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

मा.क्र.// 2025-26, ग्राम सकरी, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सकरी प.ह.नं. 45 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रजनी साहू पति श्री उमाकांत साहू एवं उमाकांत साहू पिता स्व. वेदप्रसाद साहू दोनो निवासी पुराना बाजार सकरी तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि ग्राम सकरी म.नं. 02 प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि ख.नं. 568/1, 568/2, 564/1 रकबा क्रमशः 0.2270 हे., 0.0970 हे., 0.1740 हे. आवेदक क्रमांक 01 रजनी साहू पति श्री उमाकांत साहू एवं ख.नं. क्रमशः इ568/5, 566/2, 538 रकबा क्रमशः 0.1980 हे. 0.0440 हे., 0.3480 हे., कृषि भूमि आवेदक क्र. 02 उमाकांत साहू पिता स्व. वेदप्रसाद साहू के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। यह कि अनावेदक क्रमांक 01 अनूप चड्डा द्वारा कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर के आदेश क्रमांक नगर पालिक निगम भवन शाखा 2020-2021 बिलासपुर दिनांक 02.03.2021 के तहत कालोनी को नगर पालिक निगम बिलासपुर को हस्तांतरित किया गया है। यह कि अनावेदक क्रमांक 01 अनुप चड्डा के नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 580/2 को ख.नं. 15002 के रूप में संकलित किया गया है। यह कि ख.नं. 581, 582 के रास्ता को नगर निगम को हस्तांतरित किया जा चुका है। ख.नं. 580, 583 के मध्य का मेड नगर तथा ग्राम निवेश के नक्शे में 40 मीटर प्रस्तावित रोड के रूप में चिन्हांकित है। जिसे अनावेदकगण द्वारा कांटा तार से बंद कर अवरूद्ध कर दिया गया है। रास्ता अवरूद्ध होने के कारण आवेदकगण के स्वामीत्व व आधिपत्य की भूमि पर कृषि उपकरण (ट्रेक्टर, हार्वेस्टर) नही ले जा पा रहा है। अतः कृषि उपकरण नही पहुचने के कारण आवेदकगण अपनी स्वामीत्व व आधिपत्य की भूमि पर सूचारू रूप से कृषि कार्य नही कर पा रहे है। सुचारू रूप से कृषि कार्य नही होने के कारण आवेदकगण को अपूर्णीय क्षति हो रही है। अतः अनावेदकगण द्वारा किये गये रास्ता अवरूद्ध को हटाकर आवेदकगण को 25 फीट का रास्ता दिलाये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 30/09/2026 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। आज दिनांक 15/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

तहसील सकरी

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

जीवेत शरदः शतम्
बिलासपुर की प्रगति,
जनता की आवाज और कांग्रेस की विचारधारा
को समर्पित एक कर्मठ, युवा और लोकप्रिय
भैय्या सिद्धांशु मिश्रा
जिला अध्यक्ष-कांग्रेस कमेटी बिलासपुर (शहर)
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
—: शुभेच्छु :—
आपका शुभचिंतक
J.J.Ad

खबर संक्षेप

डॉ. रक्षित जोगी होंगे मेंटल अस्पताल के नए अधीक्षक

बिलासपुर। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राज्य में 25 चिकित्सा अधिकारियों का हस्तातंरण कर दिया है। सीएचसी बिल्हा में पदस्थ व सीएमएचओ कार्यालय में अटैच डॉ रक्षित जोगी को राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी का प्रभारी अधीक्षक बनाया गया है। वहीं मुंगेली की प्रभारी सीएमएचओ डॉ शीला साहा की पदस्थापना जिला अस्पताल में की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा प्रशानिक फेरबदल किया है। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राज्य में 25 चिकित्सा अधिकारी व विशेषज्ञ को हस्तातंरित कर दिया है। सूत्री के अनुसार बिलासपुर, मुंगेली, कोरिया, सरगुजा, धमतरी, महासमुंद, सुकमा, बेमेतरा सहित कई जिलों में डाक्टरों की पदस्थापना की गई है। मुंगेली की वर्तमान सीएमएचओ को बतौर स्त्री रोग विशेषज्ञ के तौर पर जिला अस्पताल बिलासपुर भेजा गया है। उनकी जगह बिल्हा में पदस्थ डा श्रीकेश गुप्ता को प्रभारी सीएमएचओ मुंगेली बनाया गया है। इसके साथ ही काफी समय से अटैच डॉ रक्षित जोगी को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए सेंदरी स्थित मेंटल अस्पताल का प्रभारी अधीक्षक बनाया गया है। साथ ही वर्तमान अधीक्षक डॉ जीपी आर्य की मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में स्थित मेंटल अस्पताल में पदस्थापना की गई है।

दो सूने मकानों से जेवर नकद ले उड़े चोर

बिलासपुर। चोरों ने रेलवेकर्मी सहित दो सूने मकानों में धावा बोलकर लाखों के सोने चांदी के जेवर व नकद रकम चोरी कर लिया है। सिलसिलेवार चोरी की वारदात रात्रि गश्त की पोल खोल रहा है। तारबाहर पुलिस के अनुसार,

कन्सट्रक्शन कालोनी निवासी रेलवेकर्मी दिलीप कुमार वस्त्रकार के पत्नी बच्चे तीजा मनाने के लिए गृहग्राम पाराघाट चले गए हैं। 16 सितंबर को दोपहर में ड्यूटी से आने के बाद वे घर के दरवाजे में ताला लगाकर पाराघाट चले गए थे। 17 सितंबर की सुबह 8.30 बजे उनका बेटा हरिओम वापस घर आया तो पीछे खिड़की की राड टूटी हुई थी। आलमारी खुली थी और सामान अस्त व्यस्त पड़े हुए थे। सूचना पर श्री वस्त्रकार पत्नी को लेकर घर लौटे। आलमारी के लाकर में रखा सोने चांदी के जेवर 20 हजार रुपए नकद, स्टाम्प रजिस्ट्री पेपेर, बैंक पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड चोरी हो गया था। दूसरी घटना में मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम सुखरीपाली निवासी रतन बाई पति स्व. श्रवण कुमार साहू 15 सितंबर की शाम 7 बजे घर के दरवाजे में ताला लगाकर मायके घर चली गई थी। 16 सितंबर की सुबह 8 बजे अपने घर आई तो ताला टूटा मिला। घर के अंदर सामान बिखरे पड़े थे। सोने का झुमका, माला, पायल, लैपटाप, इंडक्शन व नकद रकम की चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस ने दोनों मकानों का मुआयना कर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

व्यापारी से मारपीट कर हुज्जतबाजी

बिलासपुर। जबरिया गणेश चंदा वसूली को लेकर युवकों के द्वारा व्यापारी के साथ गाली गलौज कर जमकर मारपीट कर हुज्जतबाजी की गई। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, हंसा बिहार निवासी प्रीतम चावला ने रिपोर्ट लिखाई। वे तेलीपारा मेन रोड में बैग हाउस की दुकान चलाते हैं। 16 सितंबर को शाम 4.30 बजे उनकी दुकान में गणेश चंदा मांगने गए आशु अग्निहोत्री ने 5100 रुपए चंदा मांगा। उन्होंने 3100 रुपए दिया, इस बात परआशु अग्निहोत्री बहस करने लगा। उनके भाई भरत चावला ने 5500 रुपए दिया, उसके बाद भी आशु अग्निहोत्री बहस बाजी करते हुए गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। उसके अन्य साथी भी गाली गलौज करने लगे। भाई के साथ मारपीट करते देख श्री चावला ने बीच बचाव किया तो आशु अग्निहोत्री ने उनका भी कालर पकड़कर खींचा। पुलिस ने श्री चावला की रिपोर्ट पर आशु अग्निहोत्री एवं अन्य के खिलाफ बीएनस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

उच्च स्तर पर चल रही चर्चा

पंडित देवकीनंदन से निगम को दान में मिली है जमीन

कारीछापर में लगेगा सोलर प्लांट, केंद्र सरकार को भेजा गया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने कारीछापर में सोलर प्लांट लगाने का प्रस्ताव तैयार कर केन्द्र सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ पावर को भेज दिया है। नगर निगम को पंडित देवकीनंदन दीक्षित से कारिछापर में दान में जमीन मिली है, जिस पर निगम ने सोलर प्लांट की योजना बनाई है और यह सोलर प्लांट भारत सरकार के ज्वाइंट एडवेंचर सेकी नामक कंपनी द्वारा स्थापित किया जाएगा।

सोलर प्लांट स्थापित करना भारत सरकार की ही परियोजना है। इसलिए नगर निगम ने दान में मिली कारीछापर की जमीन पर सोलर प्लांट स्थापित करने प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ पावर को भेज दिया है। नगर निगम के इस प्रस्ताव पर अभी मिनिस्ट्री ऑफ पावर समेत नगरीय प्रशासन विभाग और संबंधित विभागों के बीच उच्च स्तर पर मिटिंग व चर्चा चल रही है। उच्च स्तर पर यह भी बात हो रही है कि बिलासपुर नगर निगम की तरह कुछ और नगर निगम में भी इस योजना को लाया जाए और वहां पर सोलर प्लांट की स्थापना हो। सेकी नामक भारत सरकार की ज्वाइंट एडवेंचर कंपनी द्वारा सरकार से फंड की व्यवस्था की जाएगी और उक्त कंपनी द्वारा ही कारीछापर में सोलर प्लांट स्थापित की जाएगी। यह कंपनी सोलर प्लांट में बिजली उत्पादन कर नगर निगम को कम दर पर उपलब्ध कराएगी। इससे बिजली की समस्या दूर होगी और नगर निगम को जो लाखों रुपए का भारी भरकम बितजी का बिल देना पड़ रहा है उससे भी राहत मिलेगी।

राजस्व विभाग की टीम से कराया गया सीमांकन

नगर निगम ने इस जमीन का सर्वे, सीमांकन कराने का निर्णय लिया था। इसके लिए सीपत तहसील अंतर्गत राजस्व निरीक्षक और पटवारियों की टीम गठित की गई थी। निगम अमला के साथ मिलकर राजस्व विभाग की टीम कई दिनों तक कारीछापर जाकर जमीन की नापजोख, सीमांकन की, उसके बाद सीपत तहसील ने सीमांकन रिपोर्ट नगर निगम को सौंप दी है। चूंकि दान में मिली निगम की जमीन पर बेजा कब्जा में पूरी बस्ती बस गई है।

20 एकड़ जमीन पर बेजा कब्जा में बस गई बस्ती

पंडित देवकीनंदन दीक्षित द्वारा नगर निगम को दान वर्षों पहले दान में दी गई कारीछापर की जमीन पर बेजा-कब्जा में बस्ती बस गई है। लगभग 20 एकड़ जमीन पर कच्चे-पक्के मकान बनाकर ग्रामीण निवास कर रहे हैं। वहीं अतिक्रमण कर खेती भी की जा रही है। सीपत तहसील अंतर्गत ग्राम कारीछापर में नगर निगम की जमीन है। यह जमीन शहर के प्रतिष्ठित दानदाता पं. देवकीनंदन दीक्षित ने नगर पालिक निगम को दान में दी थी। शहर से दूर ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण दान में मिली पं. देवकीनदंन दीक्षित ट्रस्ट की जमीन की निगम मानिटरिंग नहीं कर पाया, जिसके कारण उक्त जमीन के बड़े भू-भाग पर बेजा-कब्जा हो चुका है। कुछ जमीन पर बेजा कब्जा कर खेती भी की जा रही है, वहीं दान की जमीन पर घोषित रूप से बस्ती बस गई है।

कुल 107 खसरों में 76. 87 एकड़ भूमि

सीपत तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत जुहली के आश्रित ग्राम कारीछापर में विभिन्न 107 खसर नंबरों की कुल 76. 87 एकड़ जमीन है। पं. देवकीनंदन दीक्षित ने आजादी के पहले साल 1943 में नगर पालिक परिषद को उक्त जमीन दान में दी थी। राजस्व रिकार्ड में जमीन का मालिक नगर निगम बिलासपुर है। राजस्व विभाग की टीम ने आज कुल 107 खसर नंबरों में 33 खसरों के जमीन की नापजोख की है। यह जमीन काफी दूर तक फैला हुआ है, इसलिए पूरी जमीन के सीमांकन में थोड़ा समय लगेगा।

शहर में जमीन पर स्कूल औषधालय दान किया

पं. देवकीनंदन दीक्षित ने सीपत, कारीछापर के अलावा बिलासपुर शहर भीतर भी काफी जमीन दान की है। उनके द्वारा दान की गई जमीन में से वर्ष 1936 में सिटी कोतवाली के सामने आयुर्वेदिक औषधालय और वनोषधि गार्डन बनाया गया था। वर्तमान में यहां नगर निगम का जोन आफिस लगता है। पं. देवकीनंदन दीक्षित ने बच्चियों की शिक्षा के लिए शहर में दो स्कूल भी बनवाए थे। इसमें खपरगंज में बालिकाओं के लिए प्रायमरी व मिडिल स्कूल तथा देवकीनंदन कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल शामिल है। इसके अलावा सरकंडा स्थित दान में दी गई जमीन पर सरकंडा मुक्तिधाम श्मशान घाट बना है। शहर के सदरबाजार में पं. देवकीनंदन दीक्षित का घर था। नगर निगम ने उक्त घर को एक ज्वेलरी दुकान वाले को किराए पर दिया हुआ है।

चल रही है चर्चा

नगर निगम की ओर से कारीछापर की जमीन पर सोलर प्लांट स्थापित करने की योजना है। इसके लिए निगम द्वारा प्रस्ताव बनाकर भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ पावर को भेजा गया है। इसे लेकर संबंधित विभागों के बीच मिटिंग और चर्चा चल रही है।

-निलेश पटेल, ईई, नगर निगम

रेलवे ने तैयार की नई तकनीक

ट्रेनें अब बिजली बनाएंगी, पटरी की थरथराहट से पैदा होगा करंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे ने एक ऐसी तकनीक तैयार की है, जिससे ट्रेनें अब बिजली खाने के बजाए बिजली बनाने का काम करेंगी। इसकी मदद से रेलवे की निगरानी करने वाले सेसर्स को पावर किया जा सकेगा।

अब तक ट्रेनों का परिचालन करने के लिए हजारों वॉट बिजली का उपयोग किया जा रहा था। सभी प्रदेशों से होकर चलने वाली ट्रेनों का परिचालन करने के लिए रेलवे बिजली वितरण कंपनी से खरीदी करती है। इसके अलावा स्टेशन व अन्य भवनों पर सोलर से बिजली का उपयोग करने के साथ ही उसे बचाने का काम भी शुरु कर दिया गया है। रेलवे में एक ऐसी तकनीक तैयार की गई है, जिससे बिजली से चलने वाली ट्रेनें अब बिजली बनाने का कार्य करेगी। रिसर्च टीम ने रेलवे ट्रैक परहोने वाली हलचल या थरथराहट से बिजली बनाने का तरीका निकाल लिया है। अभी तक पहियों और पटरियों के बीच पैदा होने वाले कंपन से बनने वाली भारी ऊर्जा वातावरण में गर्मी के रूप में बरबाद हो जाती थी, लेकिन नई तकनीक से अब इसे बिजली में बदला जा सकेगा। यह तकनीक रेलवे के निगरानी वाले सेंसर्स के लिए बहुत काम की साबित हो सकती है। जानकारी के अनुसार यह सिस्टम तीन हिस्सों वाइब्रेशन कंवर्जन मॉडयूल, जनरेटर मॉडयूल और पावर स्टोरेज मॉडयूल में काम करेगी। जब भी भारी ट्रेन पटरी से गुजरती है तो पटरी ऊपर नीचे हिलती है। इस तकनीक से उपयोग होने वाला सीजर लिकेज और स्लाइडर मैकेनिज्म ऊपर नीचे होने वाली गति को एकतरफरा रोटेशन में बदल देता है। इस रोटेशन की मदद से भी थ्री फेज जनरेटर बिजली पैदा करता है, जिसे रेक्टिफिकेशन और फिल्टरिंग के बाद सुपर कैपेसिटर्स में सुरक्षित स्टोर कर लिया जाता है।

73 फीसदी एफिशिएंसी और पावर आउटपुट

रेल अफसरों के अनुसार रिसर्च टीम ने इस तकनीक का गहन परीक्षण किया है। इसकी टेस्टिंग में सामने आया है कि यह सिस्टम 73.38 फीसदी एफिशिएंट है और इससे 7.44 वॉट का पीक पावर आउटपुट दर्ज किया गया है। इसकी मदद से छोटे इलेक्ट्रानिक उपकरणों को चलाया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक रेलवे ट्रैक की सुरक्षा और स्थिति बनाए रखने के लिए कई तरह के लो पावर वाले सेंसर्स उपयोग होते हैं। इन सेंसर्स को लगातार चालू रखने के लिए लंबी वायरिंग या बार-बार बैटरी बदलने की आवश्यकता पड़ती है। नई तकनीक इस सेंसर्स को सीधी बिजली देगी, जिससे यह नया सेल्फ पावर्ड सिस्टम इन सेंसर्स को सीधे बिजली देगा, जिससे ये लगातार रियल टाइम में डेटा कंट्रोल रूम तक बिना रूके भेज सकेंगे।

24 घंटे काम करती है तकनीक

जहां सोलर या विंड एनर्जी धूप व हवा पर निर्भर करती है। वहीं यह तकनीक 24घंटे बिजली बना सकेगी। जब भी कोई ट्रेन पटरी से गुजरेगी तो पैदा होने वाले कंपन या गड़बड़ाहट से बिजली बनेगी। इस तरह से यह तकनीक पर्यावरण में बेकार जाने वाली एनर्जी को काम में लाकर रेलवे के नेटवर्क की रियल टाइम मानिटरिंग को पूरी तरह आत्मनिर्भर बना सकेगी।

एमपी के दो म्यूल बैंक खाताधारक गिरफ्तार

बिलासपुर। साइबर अपराध में शामिल मध्य प्रदेश के दो म्यूल बैंक खाताधारक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक शाखा मंगला में सावरिया इंटरप्राजेस के नाम से संचालित बैंक खाते में कुछ ही दिनों के भीतर 12 लाख रुपए से अधिक की संदिग्ध राशि का हस्तांतरण हुआ था। उक्त बैंक खाते के स्टेटमेंट, अकाउंट, ओपनिंग फार्म, केवाईसी दस्तावेज एवं अन्य बैंकिंग अभिलेखों का परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान उक्त बैंक खाते के साइबर वित्तीय अपराध में उपयोग किए जाने से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए। उसी तकनीकी जांच के आधार पर म्यूल बैंक खाता धारक मध्य प्रदेश उज्जैन राघवी महिदपुर निवासी राहुल जाट पिता अम्बाराम जी जाट व अमृत लाल जाट को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों कमिशन के लालच में आकर बैंक खाता खुलवाकर साइबर अपराध से संबंधित धनराशि के लेनदेन के लिए अन्य व्यक्तियों को उपलब्ध कराना स्वीकार किया है।

वाहन जलाने वाले नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

बिलासपुर। शराब के लिए पैसा नहीं देने पर थार व बाइक को जलाने वाले नाबालिग सहित दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार जूना बिलासपुर निवासी मुकेश कुमार देवांगन ने घर के पास गणेश पंडाल लगने से वह 15 सितंबर की रात दयालबंद अपने पार्टनर के आफिस के पास अपनी महेंद्रा कंपनी की थार कार को खड़ी कर अपने घर आ गया था। देर रात उनकी थार व राम गोयल की बाइक में आग लगा दिया गया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आग लगाने वाले दयालबंद निवासी प्रियांशु पानीकर पिता अजय उर्फ नान पानीकर 21 साल व एक नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, शराब के लिए पैसा नहीं देने पर दोनों ने थार व बाइक को जला दिया था।

तहसीली में गुरूजी की ड्यूटी, बांट रहे नकल

दोपहर से ही नकल शाखा में बैठने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेहरू चौक स्थित तहसील कार्यालय की नकल शाखा में एक गुरूजी की नकल बांटने की ड्यूटी लगाने का मामला सामने आया है। एसडीएम के आदेश में स्कूल का काम समाप्त करने के उपरांत तहसीली आने संबंधी बात का उल्लेख है, लेकिन आरोप है कि उक्त शिक्षक दोपहर से ही नकल शाखा में नजर आने लगते हैं।

तहसील कार्यालय बिलासपुर कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है, और इतना जूझ रहा है कि विभाग को एक शिक्षक को नकल बांटने के काम में संलग्न करना पड़ा है। सूत्रों के अनुसार बाम्हू स्कूल में पदस्थ एक शिक्षक निशांत वर्मा तहसील ऑफिस की नकल शाखा में नकल बांटते नजर आते हैं। हालांकि इस काम की जिम्मेंदारी उन्हें एसडीएम के लिखित आदेश के बाद दी गई है, लेकिन आदेश में उल्लेखित समयसीमा के उल्लंघन का आरोप लगाया जा रहा है। एसडीएम द्वारा जारी आदेश में स्कूल का कामकाज समाप्त हो जाने के बाद तहसीली में ड्यूटी देने की बात का उल्लेख है, जबकि उक्त शिक्षक पर दोपहर से ही तहसीली की नकल शाखा में बैठ जाने का आरोप है।

लगाई गई है ड्यूटी

कार्यालय में कर्मचारियों की कमी के चलते पक्षकारों को नकल उपलब्ध कराने एक शिक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। आदेश में स्कूल का काम समाप्त कर तहसील आने का उल्लेख है। अचानक किसी दिन विशेष को छोड़कर उक्त शिक्षक स्कूल का काम समाप्त करके ही तहसीली आते हैं। अभी एक पटवारी का आदेश नकल शाखा के लिए किया गया है। उनके द्वारा चार्ज लेते ही शिक्षक को यहां से रिलीव कर दिया जाएगा।

–मनीष कुमार साहू
एसडीएम बिलासपुर

नो पार्किंग, एसपी आफिस के अंदर खड़ी कार पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

क्रेन से खींचकर यातायात थाना ले गई पुलिस

नो पार्किंग एसपी आफिस के अंदर बेतरतीबी से खड़ी की गई कार को यातायात पुलिस ने क्रेन से खींचकर कार्रवाई की है।

16 सितंबर को कार क्रमांक सीजी 10 सीडी, 7602 में एक युवक एसपी आफिस के अंदर गया। एसएसपी की सरकारी गाड़ी के सामने कार खड़ी कर एक युवक निकला और एसएसपी चेम्बर की ओर चला गया। आफिस में तैनात सुरक्षा गार्ड ने कार के ड्राइवर को गाड़ी बाहर खड़ा करने कहा, ड्राइवर ने आफिस से बाहर निकालकर कार को मल्टीलेवल पार्किंग के किनारे खड़ा कर दिया। जिससे आफिस में आने जाने वालों को परेशानी हो रही थी। एसपी आफिस से यातायात पुलिस को जानकारी दी। यातायात पुलिस एसपी आफिस पहुंचकर क्रेन से कार को खींचकर यातायात थाना ले गई। कार चालक के खिलाफ नो पार्किंग मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं उस क्षेत्र में नो पार्किंग में खड़े अन्य वाहनों की लिफ्टिंग की गई है।

की गई कार्रवाई

एसपी आफिस के पास नो पार्किंग में बेतरतीबी से खड़ी लाल रंग की कार व अन्य वाहनों की लिफ्टिंग की गई है। लगातार कार्रवाई के बाद भी लोग नो पार्किंग में लोग वाहन खड़े कर रहे हैं।

-रामगोपाल करियारे
ट्रैफिक एडीशनल एसपी

स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

बिलासपुर। दपूमरे बिलासपुर मंडल में स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 17 सितम्बर से शुरु कर 2 अक्टूबर तक आयोजित कि जाएगा। पहले दिन रेलवे स्कूल के छात्रों के लिए स्वच्छता ज्ञान यात्रा के आयोजन में विद्यार्थियों को रेल परिसर में स्थित कोच वाशिंग लाइन, वॉटर रिसाइकलिंग प्लांट एवं बायो टायलेट प्लांट का भ्रमण कराया गया। छात्रों ने इन आधुनिक सुविधाओं की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से देख रेलवे की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपनाई जा रही तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

फूड विभाग ने दिया होटलों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा शहर के 3 होटल और रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने खाद्य सामाग्रियों में कमी पाने और साफ सफाई को लेकर नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

अभिहित अधिकारी आर आर देवांगन ने बताया कि शहर के रेस्टोरेंट पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान गांधी चौक स्थित साउथ कैफे का निरीक्षण किया या, जहां से विभाग के अधिकारियों ने इडली का नमूना लिया है। जिसे जांच के लिए भेजा जा रहा है। इसके साथ ही लिटिल पंजाब रेस्टोरेंट में साफ सफाई और खाद्य सामाग्री में कमी पाई गई है। जिस पर संचालक को नोटिस जारी किया गया है। अधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी क्षीरसागर पटेल, अविषा मरवाी, प्रतीक तिवारी मौजूद रहे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, अस्पताल में भर्ती

बिलासपुर। गाली गलौज करने से मना करने से एक व्यक्ति ने युवक के पेट पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बहतराई गली नम्बर 2 निवासी महेन्द्र यादव पिता अरूण कुमार यादव 36 साल 16 सितंबर की रात घर से घूमने के लिए निकले थे। नया तालाब के पास गांव का रहने वाला राहुल यादव अपनी पत्नी के साथ विवाद कर गाली गलौज कर रहा था। महेन्द्र ने राहुल यादव को गाली गलौज करने से मना किया तो राहुल यादव अपनी पत्नी को लेकर चला गया। कुछ देर बाद राहुल यादव तालाब के पास आया और महेन्द्र यादव को हमारी लड़ाई में क्यों पड़ रहे हो कहते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए बटनदार चाकू से पेट पर जानलेवा हमला कर दिया। महेन्द्र के दोस्तों ने बीच बचाव किया तो हमलावर राहुल यादव भाग गया। दोस्तों के द्वारा घायल महेन्द्र को इलाज के लिए प्रथम हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पिता अरूण कुमार यादव की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 109, 1, 115, 2, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी राहुल यादव को गिरफ्तार कर लिया है।